हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 के अधीन जो कि **सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड आगरा शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन 2002 के नियम 3 साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिये जारी किया। अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी, जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत नियम 8 मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले ऋणी/जमानतदार एवं विशिष्ट रुप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है की इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार न करें एवं संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार **सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड** के खाते के आगे वर्णित राशि दी गई मांग सूचना की दिनांक 21.04.2023 के बाद ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधीन होगा। खाते का विवरण निम्न प्रकार है

| ऋणी का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की दिनांक / कब्जा लेने की दिनांक | बकाया राशि नोटिस दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| श्री हुकुम सिंह श्रीमती लक्ष्मी देवी खाता क्रं. 01703010000090 | प्लॉट नं.45 का भाग खसरा नं. 460, एकता इस्टेट मौजा मघताई आगरा 282007, **चतुर्सीमा : उत्तर** : प्लॉट नं. 42, **दक्षिण** : रास्ता 25 फीट चौड़ा एवं निर्गम, **पूर्व** : फतेह सिंह का प्लॉट नं. 45 का भाग, **पश्चिम** : फतेह सिंह का प्लॉट नं. 46 का भाग | 21.04.2023 / 12.07.2023 (सांकेतिक) | ₹ 23,99,139/- + ब्याज एवं सभी अन्य खर्चे |

स्थान : आगरा, दिनांक : 14.07.2023
*प्राधिकृत अधिकारी*, सेन्ट बैंक होम फाइनेंस लि.
आगरा शाखा : श्री वर्धमान बिल्डिंग, ब्लॉक ई-12/8, 101-ए, प्रथम मंजिल, संजय पैलेस, आगरा, फोन नं. 0562-4326372

# खरीफ की बोआई ने पकड़ी रफ्तार

संजीव मुखर्जी
नई दिल्ली, 14 जुलाई

खरीफ फसलों की बोआई 14 जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान कुछ गति में आई है। उत्तर और मध्य भारत में मॉनसून सक्रिय होने के कारण पहले के सप्ताह की तुलना में बोआई में कमी का अंतर कम हुआ है।

अरहर, सोयाबीन और कपास की स्थिति देखें तो अभी भी पहले की तुलना में कम बोआई हुई है, जिसकी प्रमुख वजह महाराष्ट्र व कर्नाटक में कम बारिश होना है, जो इन फसलों के दो प्रमुख उत्पादक राज्य हैं।

खरीफ सीजन के सबसे प्रमुख अनाज धान की फसल की बोआई का रकबा पिछले सप्ताह 7 जुलाई, 2023 तक पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 24 प्रतिशत कम था। वहीं इस सप्ताह 14 जुलाई, 2023 तक यह कमी घटकर 9.8 प्रतिशत रह गई है।

कुल मिलाकर 14 जुलाई, 2023 तक सभी खरीफ फसलों की बोआई का कुल रकबा 536 लाख हेक्टेयर है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 4.29 प्रतिशत कम है।

अगर पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बोआई के रकबे में कमी की स्थिति देखें तो यह 7 जुलाई, 2023 के 8.68 प्रतिशत की तुलना में घटकर 14 जुलाई, 2023 को 4.29 प्रतिशत रह गया है। अगर अन्य फसलों की सप्ताह के आधार पर बोआई के रकबे में कमी की स्थिति देखें तो 14 जुलाई को अरहर की बोआई का रकबा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 43 प्रतिशत कम है, जो इसके पहले के सप्ताह में 60 प्रतिशत कम था। उड़द का रकबा 15.09 प्रतिशत कम है, जो इसके पहले सप्ताह में 31.43 प्रतिशत कम था। सोयाबीन का रकबा 14 जुलाई को 14.85 प्रतिशत कम था, जो इसके पहले के सप्ताह में 26.14 प्रतिशत कम था। कपास का रकबा 14 जुलाई को 5.05 प्रतिशत कम है, जबकि एक सप्ताह पहले 10.87 प्रतिशत कम था।

बहरहाल कुल मिलाकर मॉनसूनी बारिश महाराष्ट्र के कुछ जिलों, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और बिहार में अभी भी कम है और खरीफ फसलों की बोआई के मामले में इन जगहों पर आने वाले सप्ताह में मॉनसून बहुत अहम भूमिका निभाएगा।

मौसम विभाग के मुताबिक 1 जून और 14 जुलाई के बीच देश के 717 जिलों में से 40 प्रतिशत जिलों में कम बारिश हुई है, जबकि 60 प्रतिशत जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है।

**14 जुलाई 2023 तक खरीफ फसलों की बुआई ( लाख हेक्टेयर में**

| फसल | 2023 | 2022 | % Change |
|---|---|---|---|
| धान | 103.2 | 114.4 | -9.79 |
| दलहन | 56.6 | 67.5 | -16.15 |
| अरहर | 14.1 | 24.5 | -42.45 |
| उड़द | 13.4 | 15.8 | -15.19 |
| मूंग | 21.2 | 20 | 6.00 |
| मोटे अनाज | 104.9 | 90.5 | 15.91 |
| ज्वार | 8.60 | 6.80 | 26.47 |
| बाजरा | 50 | 34.6 | 44.51 |
| तिलहन | 113.7 | 126.9 | -10.40 |
| मूंगफली | 28.7 | 28.3 | 1.41 |
| सोयाबीन | 79.7 | 93.6 | -14.85 |
| गन्ना | 55.8 | 53.3 | 4.69 |
| जूट | 6.30 | 6.80 | -7.35 |
| कपास | 95.3 | 100.3 | -4.99 |
| कुल* | 536 | 560 | -4.29 |

*कुल आंकड़ों का मिलान नहीं है, क्योंकि सिर्फ बड़ी श्रेणी की फसलों जैसे दलहन और मोटे अनाज, आदि को शामिल किया गया है और कई फसलों के आंकड़े नहीं दिए गए हैं।
स्रोतः कृषि मंत्रालय

राज्यवार स्थिति देखें तो तेलंगाना के 33 जिलों में से 73 प्रतिशत में कम बारिश हुई है। वहीं आंध्र प्रदेश के 26 जिलों में से 65.30 प्रतिशत में, महाराष्ट्र के 36 जिलों में 58 प्रतिशत में, कर्नाटक के 31 जिलों में 52 प्रतिशत में और बिहार के 38 जिलों में 68.4 प्रतिशत में कम बारिश हुई है। आपातकालीन कदम उठाए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पहले ही बिहार और तेलंगाना राज्य के प्रशासन से बातचीत शुरू कर दी है। फसलों के बचाव का समाधान देने वाली शीर्ष कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक भावेश शाह ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में भारी बारिश के कारण कृषि गतिविधियां बाधित हैं। जलजमाव की वजह से धान और कपास जैसी प्रमुख फसलों को नुकसान हुआ है और फसलों पर बीमारियों का असर आया है।

बारिश के बाद बढ़ी आर्द्रता के कारण कीटों के अनुकूल स्थितियां बनी हैं और इसकी वजह से कपास और गन्ना के किसानों को संक्रमण बढ़ने की चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है।इसके विपरीत तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और ओडिशा मं अभी भी मॉनसून की आवक का उत्सुकता से इंतजार है।शाह ने कहा, 'बारिश में देरी की वजह से फसलों की बोआई प्रभावित हुई है और इससे फसलों के बीमारियों व कीट के प्रभाव में आने का खतरा बढ़ा है। कपास, मिर्च और सोयाबीन जैसी नकदी फसलें ज्यादा प्रभावित हुई हैं, जिनकी कृषि अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका है। ओडिशा और तेलंगाना में धान की खेती बड़े पैमाने पर होती है, वहां बारिश की कमी की वजह से फसल प्रभावित हुई है।'

**इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : – यूनिट नं. 305, तृतीय तल, विंग 2/ई, कॉर्पोरेट एवेन्यू, अंधेरी–घाटकोपर लिंक रोड, चकला, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400093
ईमेल: connect@indostarhfc.com, सीआईएन नं: U65990MH2016PTC271587 संपर्क नंबर : श्री सुमन कुमार झा – 9289658025
INDOSTAR

[परिशिष्ट–IV–ए]
[नियम 8(6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों के विक्रयार्थ ई–नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्द्वारा जनसाधारण को और विशेष रूप में ऋणकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसंपत्ति का, ऋणकर्ता(ओं) की ओर से देय–भुग्तेय राशि की वसूली करने हेतु, **इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी (यहां इसमें इसके उपरांत **"प्रतिभूत ऋणदाता"** के रूप में संदर्भित) द्वारा वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत, अधिग्रहण किये जाने के अनुपालन में, यहां नीचे विवरणितानुसार अचल संपत्ति के क्रयार्थ अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा हमारी सेल्स एंड मार्किटिंग तथा ई–नीलामी सेवा साझीदार मैसर्स इंवेंटऑन सोल्यूशन्स प्रा. लिमिटेड (इंवेंटऑन) अर्थात् **https://auctions.inventon.in** के वेब पोर्टल पर ऑनलाइन जमा किये जाने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।
ऋणकर्ता का ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचनार्थ उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है। उक्त संपत्ति **"जैसी है जहां है आधार", "जैसी है जो है आधार", "वहां जो कुछ भी है आधार" तथा "बिना संसाधन"** आधार पर भौतिक अधिग्रहण में है, जिसके विवरण यहां नीचे दिये गये अनुसार हैं :

| ऋणकर्ता(ओं) के विवरण | 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य ईएमडी बोली वृद्धि राशि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| LNDEL0HL-09210018963 शाखा : दिल्ली पीतमपुरा उधारकर्ता : श्री कमल सिंह सह–उधारकर्ता : श्रीमती ऊषा देवी | 23.06.2022, रु. 11,53,869/– (रुपये ग्यारह लाख तिरेपन हजार आठ सौ उनहत्तर मात्र) 17/06/2022 के अनुसार, भुगतान होने तक भावी ब्याज एवं शुल्कों के साथ | **संपत्ति :** संपत्ति सं. 100, खसरा सं. 274 आकाश नगर, फेज–एस–बी, ग्राम रसूलपुरसिकोदा, परगना डासना, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद–201013, चार **सीमयें : उत्तर–** अन्य भूखंड, **दक्षिण–** सड़क 18 फुट, **पूर्व–** रिक्त भूखंड, **पश्चिम–** रिक्त भूखंड | रु. 10,41,000/– रु. 1,04,100/– रु. 10,000/– | 18.08.2023 समय : 10.30 बजे से 11.30 बजे तक, 5 मिनटों के असीमित विस्तार सहित |

ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें :
1. विक्रय के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया **www.indostarhfc.com** पर तथा हमारे सेल्स एंड मार्किटिंग तथा ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://auctions.inventon.in**, प्रतिभूत ऋणदाता की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक का संदर्भ ग्रहण करें।
2. विस्तृत नियम एवं शर्तें हमारे पोर्टल पर लिंक **https://www.indostarhfc.com/Auction-Notices** के अंतर्गत प्रकाशित किये गये हैं।
3. संपत्ति की किसी भी पूछताछ, जानकारी तथा निरीक्षण, सहायता, ई–नीलामी की प्रक्रिया तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु प्रस्तावित बोलीदातागण हमारे सेल्स एंड मार्किटिंग के क्लाइंट सर्विस डिलीवरी (सीएसडी) विभाग तथा ई–नीलामी सेवा साझीदार **मैसर्स इंवेंटऑन सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड को दूरभाष सं.:+91 9833478748/9029086321 तथा ई–मेल आईडी : care@inventon.net अथवा manoj.das@inventon.net अथवा आईएचएफपीएल के प्राधिकृत अधिकारी श्री सुमन कुमार झा से 9289658025 पर संपर्क कर सकते हैं।**

***टिप्पणी : कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूत ऋणदाता, स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा समस्त ऋणकर्ता(ओं) को विक्रय सूचना निर्गत करने जा रहे हैं। यदि विक्रय सूचना को किसी भी पक्ष द्वारा प्राप्त नहीं किया जाता है तो विक्रय सूचना का यह प्रकाशन, सूचना–प्राप्ति सेवा के एक वैल्पिक माध्यम के रूप में माना जायेगा।**


स्थान : गाजियाबाद
दिनांक : 15–07–2023
हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
कृते इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

# थोक मुद्रास्फीति आठ साल के निचले स्तर पर पहुंची

शिवा राजौरा
नयी दिल्ली, 14 जुलाई

**थोक** मुद्रास्फीति में जून में लगातार तीसरे महीने गिरावट आई और यह आठ साल के निचले स्तर -4.12 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह मई में -3.48 प्रतिशत पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी। उच्च आधार और खनिज , तेल, खाद्य, मूल धातु, कपड़े, ईंधन की कीमतें घटने से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट आई। इससे पहले जून 2022 में थोक मुद्रास्फीति 16.23 फीसदी थी।



आंकड़ों के मुताबिक विनिर्मित वस्तुओं के दामों में जून में भी गिरावट जारी रही जबकि इनमें मई में -2.97 फीसदी की गिरावट हुई थी। जून में दाम में गिरावट आने से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट आई। पेय पदार्थ (1.87 फीसदी), कपड़ा (9.51 फीसदी), चमड़ा (1.31 फीसदी), औषधि (2.43 फीसदी), कागज से बने उत्पाद (-7.38 फीसदी), रसायन (-6.47 फीसदी), रबड़ (-3.20) और सीमेंट (-1.22 फीसदी) था।

केयर रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि यह आठ साल में सबसे अधिक गिरावट है। इसका कारण ऊर्जा, रसायन और धातु के दामों में गिरावट आना है। उन्होंने कहा 'चीन के आर्थिक आंकड़े नरम आने के कारण वैश्विक स्तर पर जिंसों के दाम कम रह रहे हैं। इससे थोक मुद्रास्फीति को कम रहने में मदद मिली है।' हालांकि मई की अपेक्षा जून में प्राथमिक वस्तुओं के दाम में बढ़ोतरी हुई। जून में प्राथमिक वस्तुओं का मूल्य (0.57) थी जो मई में -1.41 फीसदी था। जून में प्राथमिक वस्तुओं का दाम बढ़ने का प्रमुख कारण अनाज (8.34 प्रतिशत), धान (7.67 फीसदी), गेहूं (9.02 प्रतिशत), दूध (8.6 प्रतिशत), अंडा व मांस (2.74 फीसदी) और दलहन (9.21 फीसदी) थे। हालांकि इस अवधि में सब्जी (-21.9 फीसदी), प्याज (-4.3 फीसदी) और फल (-0.9 फीसदी) के दाम कम हुए।

# पश्चिम व दक्षिण भारत के जलाशयों में कम जल स्तर

संजीव मुखर्जी
नई दिल्ली, 14 जुलाई

**केंद्रीय** जल आयोग के मुताबिक उत्तर भारत में पिछले एक सप्ताह से हो रही भारी बारिश के कारण पंजाब और हिमाचल प्रदेश के जलाशयों का जल स्तर बढ़ गया है।

मॉनसून के पहले चरण में बारिश कम हुई थी। आयोग ने कहा है कि इसका असर पश्चिम और दक्षिण भारत के जलाशयों पर अभी है। 13 जुलाई तक के आंकड़ों के मुताबिक इन इलाकों में जलाशयों में पानी का स्तर अभी भी पिछले साल से कम है। इसमें कहा गया है कि इसके बावजूद जलस्तर पिछले 10 साल के औसत स्तर की तुलना में बेहतर है। अगले कुछ सप्ताह में दक्षिण और पश्चिमी भारत में बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में जल स्तर में सुधार की संभावना है। जलाशयों का जल स्तर सही रहने के सिंचाई की क्षमता बढ़ती है और यह आने वाली रबी की फसल के लिए अहम है।

दक्षिण भारत में 1 जून से 13 जुलाई के बीच मॉनसून की बारिश करीब 22 प्रतिशत कम हुई है, वहीं महाराष्ट्र में करीब 35 प्रतिशत कम बारिश हुई है। एक गैर लाभकारी संगठन नज इंस्टीट्यूट के एक सर्वे के मुताबिक बारिश पर निर्भर इलाकों में खेती करने वाले करीब 76 प्रतिशत किसानों ने कहा कि उनकी फसल के नुकसान की एक बड़ी वजह बारिश थी। सर्वे में यह भी पाया गया कि पिछले 5 साल में करीब 54 प्रतिशत किसानों की उत्पादकता में कमी आई है, वहीं 35 प्रतिशत किसानों की प्रति हेक्टेयर उपज बढ़ी है और 11 प्रतिशत किसानों ने कहा कि उनकी पैदावार यथावत है। यह सर्वे उन लोगों के बीच कराया गया, जिनके पास एक से तीन एकड़ तक सिंचित भूमि या 3 से 7 एकड़ तक बारिश पर निर्भर भूमि है।

**सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क लिमिटेड**
SATIN
CIN: L65991DL1990PLC041796
पंजीकृत कार्यालयः 5वीं मंजिल, कुंदन भवन, आजादपुर वाणिज्यिक परिसर, आजादपुर, दिल्ली–110033
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 492, उद्योग विहार, फेज III, गुरुग्राम, हरियाणा–122016
फोन नंबर 0124–4715400; वेबसाइटः www.satincreditcare.com
ई–मेल आईडीः secretarial@satincreditcare.com

**33वीं वार्षिक सामान्य बैठक, की सूचना के प्रेषण का समापन**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सैंटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क लिमिटेड (**"कंपनी"**) के सदस्यों की 33वीं वार्षिक आम बैठक (**एजीएम**) बुधवार 09 अगस्त, 2023 को प्रातः 11:00 बजे (IST) वीडियो कॉन्फ्रेसिंग (**"वीसी"**)/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (**"ओएवीएम"**) के माध्यम से एजीएम सूचना (**"नोटिस"**) में निर्धारित व्यापार के लेन–देन के लिए आयोजित की जाएगी। कंपनी ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सर्कुलर संख्या 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021, 2/2022 और 10/2022 तिथि 8 अप्रैल, 2020 13 अप्रैल, 2020 5 मई, 2020 13 जनवरी, 2021, 8 दिसम्बर, 2021, 14 दिसम्बर, 2021 5 मई, 2022 और 28 दिसम्बर, 2022, (सामूहिक रूप से **"एमसीए सर्कुलर"**) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 के साथ पठित दिनांक 15 जनवरी, 2021 का सर्कुलर संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 13 मई, 2022 सर्कुलर संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 2/सीआईआर/पी/2022/62 (**"सेबी सर्कुलर"**) के तत्वाधान में वित्तीय वर्ष (**"वित्त वर्ष"**) 2021–22 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के साथ नोटिस शुक्रवार, 14 जुलाई 2023 को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी, जिनके ई–मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी/डिपॉजिटरी) के साथ पंजीकृत है।

सदस्य ध्यान दें कि वित्त वर्ष 2022–23 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के साथ नोटिस कंपनी की वेबसाइट पर **https://satincreditcare.com/wp-content/uploads/2023/07/Annual-Report-FY-2022-23.pdf**, स्टॉक एक्सचेंजो की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **www.bseindia.com, www.nseindia.com** क्रमशः, और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (**"सीडीएसएल"**) की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर भी उपलब्ध है।

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुपालन में समय–समय पर संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताए) विनियम, 2015 के विनियम 44, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक और पूर्वोक्त एमसीए और सेबी सर्कुलर द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देश के अनुसार सदस्यों को सीडीएसएल द्वारा प्रदान की गयी ई–वोटिंग प्रणाली (ई–वोटिंग) का उपयोग करके नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाती हैं। 2 अगस्त, 2023 (**"कट–ऑफ तिथि"**) को इक्विटी शेयर रखने वाले सदस्यों के पास प्रति शेयर एक वोट होगा जैसा कि उनकी होल्डिंग के खिलाफ दिखाया गया है।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर वोट डालने के लिए रिमोट ई–वोटिंग सुविधा (**"रिमोट ई–वोटिंग"**) प्रदान कर रही है। सदस्यों के पास एजीएम के दौरान ई–वोटिंग या रिमोट ई–वोटिंग का उपयोग करके किसी भी प्रस्ताव पर अपना वोट डालने का विकल्प है। एजीएम के दौरान ई वोटिंग/रिमोट ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया नोटिस में दी गई है। रिमोट ई वोटिंग की अवधि रविवार, 6 अगस्त, 2023 को सुबह 10:00 बजे शुरू होगी (आईएसटी) और मंगलवार, 8 अगस्त 2023 को शाम 5:00 बजे समाप्त होता है (आईएसटी)। इसके बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएन के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं। भाग ले सकते हैं लेकिन ऐसे प्रस्तावों पर फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

सदस्य जो भौतिक रूप में शेयर धारण कर रहे है या जिन्होंने अपना ईमेल पता कंपनी डीपी डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत नहीं किया है या कोई भी व्यक्ति जो एजीएम के नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि के अनुसार शेयर रखता है. रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से या एजीएम में ई– वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नोटिस में निर्धारित तरीके से डाल सकता है।

जिन सदस्यों ने कपनी/डीपी/डिपॉजिटरी के साथ अपना ई–मेल पता पंजीकृत अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें।

| | |
|---|---|
| अभौतिकीकृत धारण | आपके डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार, अपने डीमैट खाते में ई–मेल पता पंजीकृत/अपडेट करें। |
| भौतिक धारण | भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (**"सेबी"**) के परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी–पीओडी–1/पी/सीआईआर/2023/37 दिनांक 16 मार्च, 2023 के साथ पठित संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी–आरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2021/655 दिनांक 3 नवंबर, 2021 के अनुसार कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (**"आरटीए"**), लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ ई–मेल द्वारा **swapann@linkintime.co.in** पर निर्धारित फॉर्म आईएसआर–1 और अन्य प्रासंगिक फॉर्म के ईमेल द्वारा विवरण पंजीकृत/अद्यतन करें। कंपनी ने उपरोक्त सेबी परिपत्र के तहत आवश्यक विवरण प्रस्तुत करने के लिए सदस्यों को पत्र भेजा है कि कौन से फोलियो अधूरे हैं। सदस्य कंपनी की वेबसाइट **https://satincreditcare.com/investor-relations-satin-creditcare/# Other** अन्य पर निवेशक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के तहत "केवाईसी विवरण का अद्यतनीकरण और डिमटेरियलाइज्ड फॉर्म में शेयरों को अनिवार्य रूप से जारी करना" के अंतर्गत अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (**"एफएक्यू"**) का भी उल्लेख कर सकते हैं। |

कंपनी के निदेशक मंडल ने श्री राजीव भाटिया, एक प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड एकाउटेट (आईसीएआई सदस्यता सख्या 089018) मैसर्स राजीव भाटिया एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउटेंट्स को एजीएम में ई–वोटिंग और रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि ई वोटिंग के संबंध में आपके कोई प्रश्न या मुद्दे हैं, तो आप **www.evotingindia.com** पर एफएक्यू और सहायता अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध ई–वोटिंग मैनुअल का सदर्भ ले सकते हैं या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई–मेल लिखें। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों को श्री राकेश दलवी प्रबंधक, सीडीएसएल ए विंग. 25वी मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व) मुंबई 400013 को संबोधित किया जा सकता है या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई–मेल भेजे या 1800225533 पर कॉल करें।

कृते सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क लिमिटेड
हस्ता./–
(विकास गुप्ता)
(कंपनी सचिव और मुख्य अनुपालन अधिकारी)
स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 14.07.2023

# एफसीबीडी का मंथन शुरू

रुचिका चित्रवंशी
गांधीनगर, 14 जुलाई

**अहमदाबाद** के नजदीक के शहर गांधीनगर में जी-20 के तीसरे फाइनैंस ट्रैक की शुरुआत देर शाम हुई, जिसमें वित्त और केंद्रीय बैंकों के उप प्रमुख (एफसीबीडी) मसौदे पर विचार करेंगे। इसके पहले हवाईअड्डे पर ढोल और गरबा नृत्य से विदेशी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। हिंगमा डांस ग्रुप की डांसर मितुल दवे ने कहा, 'जी-20 के लिए आ रहे विदेशी प्रतिनिधियों का स्वागत करने के लिए पिछले 2 दिन से हम यहां आ रहे हैं।' ढोल बजने के बीच जब विदेशी प्रतिनिधि आगे बढ़ते हैं तो एक डांसर उनके सिर पर परंपरागत पगड़ी बांधती है। 17 और 18 जुलाई को वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की होने वाली बैठक को लेकर गांधीनगर में तैयारियां जोरों पर हैं। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा, 'जी-20 की भारत की अध्यक्षता में प्रतिनिधि फाइनैंस ट्रैक कार्यसमूहों की वित्तीय प्राथमिकताओं को सुव्यवस्थित करने पर विचार विमर्श कर रहे हैं।' वित्त और केंद्रीय बैंकों के उप प्रमुखों की बैठक की अध्यक्षता आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्र कर रहे हैं।

## बीएस सूडोकू 4717

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | 4 | | 1 |
| | | | | 8 | 9 | | | |
| | 8 | | 3 | | | 6 | | |
| | | | | | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 7 | | | 3 | 5 | | |
| | 4 | | | 7 | | | | |
| | | | 5 | 4 | 6 | 3 | | 9 |
| | 6 | 2 | | | | | | 5 |

## परिणाम संख्या 4716

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |

**कैसे खेलें ?**
हर रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में 1 से लेकर 9 तक की संख्या भरें।

**बहुत आसान**
★☆☆☆☆

# क्षेत्रीय मंडियों के भाव | दिल्ली | उत्तर प्रदेश | राजस्थान | पंजाब

**दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं चांदी की कीमत 1,400 रुपये के उछाल के साथ 76,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। विदेशी बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,956 डॉलर प्रति औंस पर रहा जबकि चांदी बढ़त के साथ 24.73 डॉलर प्रति औंस पर थी।

**लखनऊ**
गेहूं दड़ा 2240/2250, गेहूं शरबती 3300/3400, चावल शरबती सेला 4200/4300, स्टीम 4600/4800, लालमती 4900/5000, चावल (सोना) 4900/5000, दाल अरहर सवा नं. 13400/13600, पटका 13600/14000, रिजैक्शन 10100/10200, चना दाल 5900/6100, चना देशी छना 5600/5800, चना चापा छना 5800/5900, एग्रो प्योर बेसन 2400, मटर देशी 5500/5600, उड़द साबुत (काला) 9500/11500, दाल उड़द (काली) 9800/12200, उड़द धोया 9200/11400, मसूर छोटी 6300/6500, मलका 7200/7300, किरानाः जीरा 65000/73000, लालमिर्च गुंटूर 25000/64000, हल्दी निजाम फली (50 किलो) 6300/6400, धनिया एमपी 7400/11200, छोटी इलायची (किलो) 1150/2150, बड़ी इलायची 725/750, कालीमिर्च (किलो) 540/580, सुपारी (किलो) 470/530, सौंफ मोटी 28500/33000, मंगरैल 15500/16500, चिरौंजी (किलो) 1300/1400, मखाना 480/780

**कानपुर**
गेहूं 2260/2280, जौ 1890/1900, चावल मसूरी 2700/2750, चावल मोटा 2650/2700, देशी चना 5350/5400, चना छना 5900/6050, दाल चना 5950/6100, देशी मटर 5000/5100, पिचकी 4250/4300, मटर दाल 5500/5600, अरहर लेमन 10250/10300, दाल अरहर 13500/14000, स्पेशल 13000/13200, उड़द एसक्यू 9000/9025, एफएक्यू 8400/8410, राजमा चित्रा 8600/13000, मूंग 7500/7800, मसूर छोटी 6300/6400, छांटी 7200/7300, सरसों 4900/5000, तिल सफेद 13500/13700, सोया (टीन) 2150/2175, तेल सरसों कच्ची घानी वैट पेड (टीन) 2150/2250, सरसों खल 2575/2600, पामोलिन 2000/2050, वनस्पति घी (यूपी एफओआर) 1750/1875, मधुसूदन देशी घी 7500, वासुदेव 7200, परम प्रीमियम 7500, पदम श्री 7400, लीलाधर 7400, अलसी 5600/5700, धनियाः लोकल 7300/7400, राजस्थान 7800/8200, बढ़िया 8600/10700, हल्दी 11000/12900, जीरा 63500/70500, अजवायन 18000/20000, मेथी 8000/8500, मखाना 480/800, कालीमिर्च (किलो) 540/590

**चंदौसी**
(प्रति किलो): मैन्था ऑयल 1065, बोल्ड क्रिस्टल (12 नं.) 1070, फ्लैक 1030, डीएमओ 775, टरपीन लैस बोल्ड 1100

**जयपुर**
दाल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंग मोगर 8400/8500, मोटा 9500/9700, उड़द मोगर 10300/10800, मोटा 10800/11000, चौलामोगर 7300/7600, मोठ मोगर 8900/9000, मूंग दाल छिलका देशी 8500/9200, मलका 6600/6800, अरहर 12800/13800, मटर दाल 4900/5000, चना दाल मीडियम 5700/5750, बोल्ड 5800/5900, दलहनः उड़द साबुत देशी 8300/8400, मटर सफेद &, मोठ साबुत 6500/6600, काबली चना 13000/14000, चना (डिली.) 5200/5250, मूंग 7100/7200, राजमा शर्मिली 11800/13000, राजमां चित्रा 11300/13200, किरानाः हल्दी निजामाबाद 10000/10500, सांगली 11000/12000, हल्दी राजापुरी 16500/18500, लालमिर्च 23500/32500, कालीमिर्च (किलो) 590/650, धनिया 8200/10500, जीरा 65500/73000, अजवायन 20000/38500, सौंफ 28500/39500, मेथी 7500/7700, मेथी मशीन क्लीन 7800/8000, इमली 3500/3600, गोला टिपटूर 10000/12000, अनाजः चावल डीबी 7400/7500, गेहूं (मिल) 2375/2380, मक्की 1825/1875, बाजरा 1950/1975, जौ 2000/2050, ग्वार लूज 5000/5100, ज्वार कैटलफीड 2200/2500, ज्वार बेस्ट क्वालिटी 2900/3000, तेल-तिलहनः सरसों (मिल पहुंच) 5650/5675, सरसों एक्सपेलर निवाई &, कोल्हू कच्ची घानी टोंक 10700, राइसब्रान डिऑयल्ड कंटीन्यूअस 1800, डीओसी (टन): सरसों जयपुर 22500, कोटा 22500, अलवर 22500,

**खन्ना**
जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)170, राइसब्रान (अखाद्य) 168, खल सरसों 2600, डीओसीः राइसब्रान बैच सफेद 1850, लाल &, कंटीन्यूअस 1850, सरसों (टन) 22800, सूरजमुखी (टन) 25500, अनाजः गेहूं 2200/2250, आटा (50 किलो) 1270, मैदा 1340, चोकर (45 किग्रा) 990, चोकर (30 किग्रा) 600, मक्की बिहार 2020/2080 **एनएनएस**

डिस्क्लेमर.. बिजनेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉरपोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिजनेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिजनेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिजनेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिजनेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै. बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. का सर्वाधिकार सुरक्षित है बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस प्रकार का निषिद्ध कार्य किए जाने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।